भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 384**
04 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ

**विषयः- नमो दीदी ड्रोन योजना**

**384. श्रीमती कनिमोझी करुणानिधिः**
**क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि**
(क) नमो दीदी ड्रोन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या कितनी है और इसके आरंभ से इसके अंतर्गत विशेषकर तमिलनाडु सहित प्रदान की गई राजसहायता का राज्यवार ब्यौरा क्या है;
(ख) महिला स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों की उन महिलाओं, जिन्हें इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित किया गया है और ड्रोन लाइसेंस प्रदान किया गया है, का राज्यवार और तमिलनाडु में जिलावार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने महिलाओं की आय, सशक्तिकरण और कृषि उत्पादकता पर ड्रोन के प्रभाव का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन किया है तथा कृषि की उत्पादकता पर ड्रोन के क्या प्रभाव पड़े हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री राम नाथ ठाकुर)**

(क): सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों (एस.एच.जी.) को 3 वर्ष (वर्ष 2023-24 से 2025-26) की अवधि के दौरान 15,000 ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय क्षेत्रक योजना 'नमो ड्रोन दीदी' को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य उन्हें स्थायी व्यवसाय और आजीविका सहायता प्रदान करना है। वर्ष 2023-24 में लीड फर्टिलाइजर कंपनियों (एल.एफ.सी.) द्वारा अपने आंतरिक संसाधनों का उपयोग कर एस.एच.जी. की ड्रोन दीदियों को 1094 ड्रोन वितरित किए गए हैं। 1094 ड्रोन का राज्य-वार वितरण **अनुबंध-I** पर संलग्न है। ड्रोन दीदियों को वितरित किए गए इन 1094 ड्रोन में से 500 ड्रोन नमो ड्रोन दीदी योजना के अंतर्गत वितरित किए गए हैं।

(ख): तमिलनाडु महिला विकास निगम लिमिटेड द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023-24 में लाभान्वित होने वाली 44 ड्रोन दीदियों में से 09 अनुसूचित जाति से हैं और शेष 35 अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से हैं। तमिलनाडु राज्य का जिला-वार विवरण **अनुबंध-II** पर दिया गया है।

**(ग) और (घ) :** वर्ष 2023-24 में नमो ड्रोन दीदी योजना के अंतर्गत एल.एफ.सी. द्वारा वितरित 500 ड्रोन पर ड्रोन संचालन के अर्थव्यवस्था और व्यावसायिक व्यवहार्यता पर एक अध्ययन की ज़िम्मेदारी कृषि विकास और ग्रामीण परिवर्तन केंद्र (ए.डी.आर.टी.सी.), बेंगलुरु को सौंपा गया है। ए.डी.आर.टी.सी. द्वारा प्रस्तुत अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार, किसानों ने औसतन 400 रुपये प्रति एकड़ पर ड्रोन सेवाएं लेने की इच्छा दिखाई है। सभी दीदियों को ड्रोन निर्देश और मानक संचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) और ड्रोन उड़ान तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। 63 प्रतिशत दीदियों ने बताया कि उन्हें बुनियादी ड्रोन मरम्मत और रखरखाव में प्रशिक्षित किया गया था।

लगभग 34 प्रतिशत दीदियों ने यह भी बताया कि उन्हें डेटा प्रबंधन और विश्लेषण में प्रशिक्षित किया गया था। 96% किसानों ने कहा कि वे अन्य किसानों को ड्रोन सेवाओं की सिफारिश करेंगे। 68% किसानों ने कीटनाशकों की खपत में बचत की सूचना दी तथा 43% ने उर्वरक खपत में बचत की सूचना दी।

अनुबंध-I

**वर्ष 2023-24 में एल.एफ.सी. द्वारा स्वयं सहायता समूहों को वितरित किए गए ड्रोनों की राज्य-वार संख्या और स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को दिया गया ड्रोन पायलट प्रशिक्षण**

| **क्र.सं.** | **राज्य का नाम** | **वितरित किए गए ड्रोन की संख्या** | **एसएचजी के सदस्यों को दिया गया ड्रोन पायलट प्रशिक्षण** |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 108 | 108 |
| 2. | असम | 28 | 28 |
| 3. | बिहार | 32 | 32 |
| 4. | छत्तीसगढ़ | 15 | 15 |
| 5. | गोवा | 1 | 1 |
| 6. | गुजरात | 58 | 58 |
| 7. | हरियाणा | 102 | 102 |
| 8. | हिमाचल प्रदेश | 4 | 4 |
| 9. | जम्मू एवं कश्मीर | 2 | 2 |
| 10. | झारखंड | 15 | 15 |
| 11. | कर्नाटक | 145 | 145 |
| 12. | केरल | 51 | 51 |
| 13. | मध्य प्रदेश | 89 | 89 |
| 14. | महाराष्ट्र | 60 | 60 |
| 15. | ओडिशा | 16 | 16 |
| 16. | पंजाब | 57 | 57 |
| 17. | राजस्थान | 40 | 40 |
| 18 | तमिलनाडु | 44 | 44 |
| 19. | तेलंगाना | 81 | 81 |
| 20. | उत्तर प्रदेश | 128 | 128 |
| 21. | उत्तराखंड | 3 | 3 |
| 22. | पश्चिम बंगाल | 15 | 15 |
| **कुल** | | **1094** | **1094** |

अनुबंध-II

# तमिलनाडु राज्य के एसएचजी का जिला-वार ब्यौरा

| क्रम संख्या | जिला | एसएचजी का नाम | ड्रोन दीदी का नाम | समुदाय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तिरुपूर | थज़हाई मदल | एम.सरन्या | एससी |
| 2 | तिरुवन्नमलाई | पराशक्ति | पी. पवित्रा | ओबीसी |
| 3 | तिरुवन्नामलाई | श्री पचैअम्मन | गौरी सी | ओबीसी |
| 4 | तिरुवन्नामलाई | पोन्नियम्मन महलिर | कविता थिरुलोगचंदर | एससी |
| 5 | तिरुवन्नामलाई | शक्ति वेत्री | शेनबागम ए | ओबीसी |
| 6 | कांचीपुरम | थमराई | पोर्सेलवी एस | ओबीसी |
| 7 | कांचीपुरम | एलायम्मन विकलांगता एसएचजी | राजेश्वरी शिवकुमार | एससी |
| 8 | थिरुवरुर | श्री माधानागी | वी.विवेका | ओबीसी |
| 9 | अरियालूर | वेनिला | एम.कार्तिका | ओबीसी |
| 10 | इरोड | महालक्ष्मी महालिर एसएचजी | निर्मलादेवी पी | ओबीसी |
| 11 | इरोड | सामंथी पू एसएचजी | देवी जी | ओबीसी |
| 12 | पेरम्बलूर | ऊटी रोज़ | संगीता | ओबीसी |
| 13 | पुदुक्कोट्टई | कुरिंची | अमुथा एम | एससी |
| 14 | चेंगलपट्टू | अन्नाई थेरसा मगलिर एसएचजी | लक्ष्मी जे | ओबीसी |
| 15 | चेंगलपट्टू | पुथुमई पेंगल एसएचजी | सुगन्या एच | ओबीसी |
| 16 | चेंगलपट्टू | एस22 पेरियंदावर | धनलक्ष्मी ए | ओबीसी |
| 17 | चेंगलपट्टू | श्री पचैअम्मन मगलिर एसएचजी | श्वेता एम | ओबीसी |
| 18 | चेंगलपट्टू | पूनकुयिल मगलिर एसएचजी | मुनियाम्मल आर | ओबीसी |
| 19 | तेनी | सिंगम | ईश्वरी | ओबीसी |
| 20 | नमक्कल | नेहुरू कुलु | सत्या ए | ओबीसी |
| 21 | रानीपेट | महात्मा गांधी एसएचजी | सुधा एस | ओबीसी |
| 22 | तंजावुर | थजमपू | आर.भारती | ओबीसी |
| 23 | तंजावुर | इमायम | एल. सूर्या | ओबीसी |
| 24 | तिरुपूर | ओम शक्ति | जी.मनोरंजनम | ओबीसी |
| 25 | तूतूकुड़ी | कनिमोझी | उषा लक्ष्मी | ओबीसी |
| 26 | अरियालूर | सेल्वा विनयगर एसएचजी | एम.अमुथा | ओबीसी |
| 27 | अरियालूर | विनायगा डब्ल्यूएसएचजी | मेनका शंकर | ओबीसी |
| 28 | अरियालूर | संगमम डब्ल्यूएसएचजी | मुथुक्कन्नु एम | ओबीसी |
| 29 | डिंडीगुल | श्री अम्मान डब्ल्यूएसएचजी | पेरियानायगी रविचंद्रन | ओबीसी |
| 30 | कुड्डालोर | सुदर वोली डब्लूएसएचजी | कविता अन्नादुरई | एससी |
| 31 | डिंडीगुल | ओम मुरुगा एसएचजी | लक्ष्मी मुरुगासामी | ओबीसी |
| 32 | रानीपेट | सेंथुरा पू मगलिर एसएचजी | सुमति अरुमुगम | एससी |
| 33 | तिरुवन्नामलाई | अनाइथेरासा | वनिता वी | ओबीसी |
| 34 | रानीपेट | कुरिन्जिमागलिर एसएचजी | सोनिया ई | एससी |
| 35 | कल्लाकुरिची | श्री विनायगा एसएचजी | नंदिनी जी | ओबीसी |
| 36 | वेल्लोर | जय श्रीराम मगलिर एसएचजी | जीविता एस | ओबीसी |
| 37 | तिरुनेलवेली | थलाम्बो मगलिर एसएचजी | जयप्रदा गणेशन | एससी |
| 38 | कोयंबटूर | भथराकलीअम्मन | वसंतमणि करुप्पासामी | ओबीसी |
| 39 | सलेम | वेम्बनेरी मगलिर एसएचजी | मणिमेगालाई टी | ओबीसी |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 40 | कुड्डालोर | श्री वरशक्ति विनयगर एसएचजी | कलैसेल्वी एम | ओबीसी |
| 41 | वेल्लोर | ओम शक्ति मगलिर एसएचजी | लता एम | ओबीसी |
| 42 | कल्लाकुरिची | बारथा अन्नई एसएचजी | सरन्या वी | ओबीसी |
| 43 | धर्मपुरी | शक्ति एसएचजी | तमिलारासी एस | ओबीसी |
| 44 | कृष्णागिरी | ब्लेसिंग इल्डर मगलिर संगम | उमामहेश्वरी आर | एससी |

*****